# विज्ञान समिति, उदयपुर
# मासिक रिपोर्ट
नियमित मासिक प्रकाशन का सतरहवां वर्ष

Estb : 1959
Reg. No. 94 / 68-69


Phone :
0294-2413117, 2411650
E-mail Id :
samitivigyan@gmail.com
Website :
www.vigyansamitiudaipur.org


अंक 195 स्वैच्छिक सेवा का 59 वां वर्ष जून 2018


## विज्ञान लोकप्रियकरण

● **लोकविज्ञान प्रकाशन** : मई–जून का संयुक्त अंक प्रकाशित हुआ।

● **एमपीयूएटी एवं विज्ञान समिति साझा कार्यक्रम :**

**आदर्श ग्राम विकास - देवाली :**

पूर्व कार्यक्रमानुसार दिनांक 22.06.18 को सांय 6 बजे से चयनित गाँव में महाराणा प्रताप कृषि वि.वि. के साथ मिटिंग का आयोजन **श्री इंदरसिंह** अध्यक्ष ग्राम समिति देवाली के निवास पर किया गया जिसमें निम्नलिखत सदस्य उपस्थित थे : –

**डॉ के बी शर्मा, डॉ के एल कोठारी, डॉ जी एस आमेटा, श्री मुनीश गोयल, श्री शांतिलाल गोढावत तथा कैलाश वैष्णव** (विज्ञान समिति की ओर से); **डॉ जी एस तिवारी** निदेशक कृषि प्रसार, **डॉ आर एल सोनी** केवीके इन्चार्ज बांसवाड़ा एवं वल्लभनगर, (विश्वविद्यालय की ओर से) तथा **श्री इंदरसिंह चुण्डावत, श्री भंवर सिंह चुण्डावत, श्री घीसूलाल मेघवाल** तथा अन्य 25 ग्रामवासी बैठक में उपस्थित थे।

मक्का तथा ज्वार के फ्रंटलाईन डिमोन्स्ट्रेशन के लिए क्रमशः 10 एवं 5 कृषकों का चुनाव किया गया। यह ध्यान रखा गया कि आदिवासी व पिछड़े वर्ग के लोगों को प्राथमिकता के आधार पर चयन किया जाए तथा लाभ एक से अधिक हितग्राही को न मिले। चयनित लिस्ट विश्वविद्यालय को भेजी गई है तथा तद्नुसार **श्री दिलीप सिंह** मक्का प्रजनक (मेज ब्रिडर) ने स्वयं जाकर चयनित किसानों की मक्का प्रदर्शन के बीज वितरित कर दिये। RKVY परियोजना के अंतर्गत मुर्गी (प्रताप धन) की 2 युनिट भी विश्वविद्यालय की ओर से निःशुल्क हितग्राहियों को उपलब्ध करवाने का निर्णय हुआ। मुर्गी पालकों का चयन कर लिया गया है और उनको बता दिया गया कि वो कृषि महाविद्यालय के पॉल्ट्री फॉर्म से मुर्गीयाँ ले जावें। **श्री घीसूलाल मेघवाल** इसको कोर्डिनेट करेंगे।

कृषि विज्ञान केंद्र की ओर से पशुपालकों को मिनरल मिक्सचर तीन तीन किलो प्रति पशुपालक का भी वितरण किया गया एवं उसके उपयोग की विधि तथा उपयोगिता भी विस्तार से समझाई गई तथा छः–छः किलो उड़द के बीज 6 किसानों को प्रदर्शन के लिए दिए गए।

फल के पौधों के सम्बन्ध में नीम्बू व पपीता की माँग अधिक रही। **श्री घीसूलाल** को फलों के पौधों की मांग को एकत्र करने को कहा तथा इन पौधों के क्रय मूल्य की जानकारी दी। पौधे विश्वविद्यालय के साधनों से बांसवाड़ा से देवाली तक पहुंचा दिए जाएंगे।

ग्राम वासियों को **डॉ आर एल सोनी** ने सम्बोधित करते हुए नए कृषि विज्ञान केंद्र वल्लभनगर की जानकारी दी तथा बताया कि यह केंद्र अभी ही स्थापित हुआ है एवं इसका लाभ अधिक से अधिक उठाना चाहिए। बैठक को **डॉ जी एस तिवारी** व **डॉ जी एस आमेटा** ने भी सम्बोधित किया एवं शासकीय योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही उन्हें यह भी बताया की असली सफलता तभी प्राप्त होगी जब वे स्वयं दिलचस्पी लेकर अपनी उन्नती करें। डॉ आमेटा ने पशुपालन पर अधिक ध्यान देने की बात कही एवं उन्नत नस्ल की गाये बाहर से लाने पर जोर दिया।

अंत में कृषि विज्ञान केंद्र की ओर से **डॉ के एल कोठारी** एवं **डॉ जी एस तिवारी** का शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया।

## महिला सशक्तीकरण

● **नवाचार महिला प्रकोष्ठ** –दिनांक 11 जून 2018 को आयोजित बैठक में श्रीमती पुष्पा कोठारी ने प्रशिक्षक **श्री राकेश बजाज**(जेएमबी) का स्वागत किया। उपस्थित महिलाओं ने बंगाली मिठाइयां, चमचम, केसर चमचम, रसमलाई, आम कलाकंद, काजू कतली, इन्द्राणी रसगुल्ले आदि बनाना सिखाया। **श्रीमती वर्षा सोनी** ने पार्किन्सन रोग व उसकी थेरेपी के बारे में जानकारी दी। संयोजिका **श्रीमती बेला जैन** ने सबको धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में सह संयोजिका **डॉ नलिना लोढ़ा, राखी जैन, विजय लक्ष्मी गलूण्डिया, मंजुला शर्मा, मंजु सिंघवी** समेत लगभग 70 सदस्याओं ने भाग लिया।

● **वरिष्ठ महिला प्रकोष्ठ** – 20 जून 2018 को 11 बजे आयोजित बैठक में 75 सदस्याओं की उपस्थिति रही। दिनांक 18–19 जुलाई' 18 की प्रस्तावित पिकनिक के संबंध में **श्रीमती शकुन्तला धाकड़** ने आवश्यक जानकारी प्रदान की। हाउजी गेम श्रीमती ललिता द्वारा आयोजित किया। **डॉ के पी तलेसरा** (वार्ताकार) का **श्रीमती पुष्पा कोठारी** ने ओपरणा ओढ़ा कर स्वागत किया एवं **श्रीमती शकुन्तला धाकड़** ने वार्ताकार का परिचय दिया।

**डॉ के पी तलेसरा** की वार्ता का विषय था– समाज सुधारक क्रांतिकारी संत कबीर । वार्ता उपरान्त **श्रीमती निर्मला शाह एवं श्रीमती पुष्पा कोठारी** ने धन्यवाद दिया। **श्रीमती विजय लक्ष्मी बंसल** द्वारा तैयार किया गया बॉल गेम **डॉ आशा खमेसरा एवं श्रीमती निर्मला शाह** ने सदस्याओं को खेलाया। इस खेल में **श्रीमती सुमन पोरवाल** प्रथम एवं **श्रीमती बीना मारु** द्वितीय रहीं। **श्रीमती स्नेह लता साबला एवं श्रीमती विजय लक्ष्मी बंसल** ने पिकनिक के लिए सहयोग राशि एकत्रित करने में सहयोग किया।

**ग्रामीण महिला चेतना शिविर** –ग्रामीण महिला चेतना शिविर का वार्षिक समारोह 30 जून को आयोजित किया। 82 महिलाओं ने भाग लिया– टूस 44, चंदेसरा 15, देवाली 3, नांदवेल 19 और देबारी से 1, उदयपुर शहर की भी तीन महिलाओं नें भाग लिया। कार्यक्रम के आयोजन में **श्रीमती मंजुला शर्मा, डॉ. प्राची भटनागर, श्रीमती रेणु भंडारी** आदि ने भाग लिया।





सम्प्रेरक : डॉ. के.बी. शर्मा, अध्यक्ष; डॉ. के.पी. तलेसरा, कार्यकारी अध्यक्ष; रमेश चन्द्र भटनागर, महासचिव

समन्वयक : डॉ. के.एल. कोठारी सम्पादक : श्री प्रकाश तातेड़



कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एमपीयूएटी की अधिष्ठाता छात्र कल्याण **श्रीमती डॉ. सुमन सिंह** थी। **डॉ. के.एल. कोठारी** एवं सदस्यों ने भी कार्यक्रम में भाग लिया।


कार्यक्रम के प्रथम चरण में महिलाओं को 4 प्रकार के गेम खेलाये गये। बालों में स्ट्रा लगाना, रंगबिरंगी चूड़ी पहनो, आओ खाओ और कुर्सी रेस, चित्रकला प्रतियोगिता।

द्वितीय चरण में मंच पर आसीन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन एवं प्रार्थना के साथ कार्यक्रम आरंभ हुआ। डॉ प्राची भटनागर ने कार्यक्रम का संचालन किया। **श्रीमती मंजुला शर्मा** ने कार्यक्रम में आये नये सदस्यों का परिचय कराया। सिलाई प्रशिक्षण टूस डांगियान में समापन करके नांदवेल में शुरु करेंगे यह जानकारी दी। **श्रीमती रेणु भण्डारी** ने वर्ष भर के किये गये कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। **श्रीमान् प्रकाश तातेड़** ने महिलाओं से प्रश्न पूछे जो पूरे वर्ष लहर पत्रिका में प्रकाशित सामग्री से सम्बन्धित थे।

**डॉ के एल कोठारी** ने विज्ञान समिति में महिला सशक्तीकरण का संक्षिप्त इतिहास बताया। महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। मुख्य अतिथि **डॉ सुमन सिंह** ने इस बात की प्रसन्नता व्यक्त की कि गांवो से इतनी बड़ी संख्या में महिलाएं आयीं। सभी को समूह में रहकर काम करने के लिए प्रेरित किया और गृह विज्ञान महाविद्यालय के विभिन्न विभागों में भ्रमण करने के लिए आमंत्रित किया।

नवाचार महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका श्रीमती बेला जैन ने कार्यक्रम में भाग लेकर सभी महिलाओं को गेम खेलाये और गेम के प्रथम और द्वितीय पारितोषिक उनकी तरफ से वितरित किए। इसी शृंखला में विज्ञान समिति द्वारा तृतीय एवं अन्य पुरस्कार दिए। टूस डांगियान की बालिका मनाली सेन को 12वीं बोर्ड में 83 प्रतिशत अंक प्राप्त करने के लिए विशेष पारितोषिक दिया गया। चित्रकला प्रतियोगिता भी आयोजित हुई जिसकी निर्णायक **सुश्री प्रतिची भटनागर** थी। पारितोषिक भी वितरण किया।

समाज सेवी **श्रीमती खुशबू जैन** विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारी और महिलाओं को प्रोत्साहित किया। महिलाओं के कार्य के लिए



रु. 2100/– का सहयोग भी दिया। टूस डांगियान की पाँच बालिकाओं ने सुन्दर नृत्य प्रस्तुत किया जिसके लिए उन्हें समिति की तरफ से रु. 250/– का पारितोषिक दिया गया एवं साथ में किताबें दी गई। **डॉ के एल कोठारी सा.** को महिलाओं ने जन्मदिन की बधाई दी और उनकी तरफ से महिलाओं को नींबू के पौधे वितरित किये गये।

कार्यक्रम के अन्त में आभार **श्रीमती मंजुला शर्मा** ने दिया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

महिलाओं ने ऋण की किस्त जमा कराई । यात्रा भत्ता दिया एवं अल्पाहार कराया गया।

● **विशेष सहयोग – श्रीमती लक्ष्मी लौहार** को सहयोग : लक्ष्मी लौहार के घर खाद्य सामग्री हमारे सदस्य एक्यूप्रेशर चिकित्सक **श्रीमान् एल.एन. शर्मा** के सौजन्य से इस माह भी पहुंचाई गई।

## स्वास्थ्य सेवाएं

### इंजी ललित बख्शी स्मृति व्याख्यान एवं 60वां नि:शुल्क चिकित्सा शिविर एवं सम्मान समारोह

विज्ञान समिति परिसर में दिनांक 17 जून 2018 को स्व. विजय कुमार सुराणा स्मृति में **60वां नि:शुल्क चिकित्सा शिविर एवं सम्मान समारोह** (5 वर्ष पूर्ण होने पर) तथा **स्व. इंजी एल.बी. बक्षी की स्मृति में व्याख्यानमाला** का आयोजन किया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष महावीर इण्टरनेशनल के **श्री राज लोढ़ा** थे एवं अध्यक्षता **डॉ. विनय जोशी** अधीक्षक राजकीय महाराणा भूपाल चिकित्सालय, उदयपुर ने की। समारोह में विशिष्ट अतिथि **श्री राज सुराणा** (पुत्र स्व विजय कुमार सुराणा) एवं **डॉ एम.बी. बक्षी,** वरिष्ठ चिकित्सक थे।

स्मृति व्याख्यान **डॉ. एन. के. बंसल** पूर्व आचार्य चर्म रोग विभाग आर एन टी मेडिकल कॉलेज, उदयपुर ने **''चर्म रोग कारण एवं**




**निवारण''** व **डॉ अनुराग तलेसरा** वरिष्ठ अस्थिरोग विशेषज्ञ, आरएनटी मेडिकल कॉलेज, उदयपुर ने ऑस्टियोपोरोसिस (अस्थि क्षयीरकरण) विषय पर बहुत ही रोचक वार्ताएं प्रस्तुत की। इस आयोजन में इंजी. ललित बक्षी के भ्राता **डॉ एम बी बक्षी** ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर उनके परिवार तथा भटनागर सभा के अध्यक्ष एवं कई सदस्य उपस्थित थे।






दूसरे चरण में पिछले 5 वर्षों में जिन चिकित्सकों ने अपनी निःशुल्क सेवायें चिकित्सा शिविर में प्रदान की उनमें **डॉ एल के भटनागर, डॉ एच एन एस भटनागर, डॉ अनुराग तलेसरा, डॉ अरुण बापना, डॉ भानु प्रकाश वर्मा, डॉ नागेश भट्ट, डॉ कौशल्या बोर्दिया, डॉ अनिल कोठारी, अलख नयन मंदिर, डॉ कनिष्क मेहता, डॉ शोभालाल औदिच्य, डॉ कमला कँवरानी, डॉ आशा खमेसरा, डॉ. निवेदिता पटनायक, डॉ विजय लक्ष्मी बापना, डॉ शैल गुप्ता, श्रीमती बिन्दु जैन** एक्यूप्रेशर टीम के **सर्वश्री बी एल पोखरना, एल एन शर्मा, ललित पोरवाल, डॉ कल्पेश पूर्बिया ,** तकनीशियन **श्री अंकित नागौरी, श्री कमलेश शर्मा, श्री लोकेश चौबीसा व श्री दिनेश कुमार** आदि का अभिनन्दन, माला, शॉल, तिलक एवं मोमेण्टो प्रदान कर किया गया। शिविर को **डॉ आई एल जैन** –प्रभारी चिकित्सा शिविर, **डॉ के एल कोठारी** संस्थापक विज्ञान समिति, **डॉ एम बी बक्षी, डॉ विनय जोशी, श्री राज सुराणा** आदि ने सम्बोधित किया।

शिविर में 50 हृदय रोग 49 मधुमेह 52 सामान्य, 10 अस्थिरोग 01 ईएनटी 02 दाँत 01 आँख 09 पाईल्स, 02 योग, 04 एक्यूप्रेशर कुल 180 रोगियों का उपचार उपस्थित चिकित्सकों की टीम ने किया। इस शिविर व सम्मान समारोह में महावीर इन्टरनेशनल, उदयपुर सेवा समिति, इन्हरव्हील क्लब, अणुव्रत समिति, एम बी कॉलेज पूर्व छात्र परिषद्, अशोक नगर जैन सासायटी व भटनागर सभा उदयपुर के पदाधिकारियों व सदस्यों का सहयोग प्राप्त हुआ। समारोह का संचालन **श्री प्रकाश तातेड़ व डॉ प्राची भटनागर** ने किया। धन्यवाद **डॉ बी एल चावत,** संयोजक चिकित्सा शिविर ने प्रदान किया। सभी सहयोगी संस्थाओं एवं विज्ञान समिति के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति आभार एवं धन्यवाद!

● **निःशुल्क एक्यूप्रेशर शिविर :** विज्ञान समिति, महावीर इन्टरनेशनल व आरोग्य एक्यूप्रेशर उपचार, शोध एवं प्रशिक्षण प्रन्यास, उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क एक्यूप्रेशर शिविर प्रत्येक गुरुवार व शनिवार को सायं 5 से 6.30 बजे तक सफलतापूर्वक आयोजित हो रहे हैं। जून माह में 11 शिविर आयोजित हुए जिसमें 86 दर्द पीड़ितों की चिकित्सा की गई। इन सभी शिविरों में **श्री एल.एन. शर्मा, श्री ललित पोरवाल, श्री बलवन्तसिंह बया, श्री सत्यनारायण लढ्ढा, श्री हीरालाल जावरिया, श्री रामप्रकाश बन्सल, श्री हीरालाल धाकड़ एवं श्रीमती सरोज नलवाया** आदि ने अपनी सेवाएँ प्रदान की। सभी उपचारकों का प्रशंसनीय योगदान रहा। सभी के प्रति आभार।

## दर्शन विज्ञान प्रकोष्ठ

दर्शन विज्ञान प्रकोष्ठ की बैठक दिनांक 9 जून शविवार को हुई जिसमें **डॉ. के.एल. कोठारी** ने गीता की तीन पुस्तकों के अध्ययन के आधार पर अपनी वार्ता प्रस्तुत की। जिस पर अच्छी चर्चा भी हुई। यह भी निर्णय लिया गया कि अगले दर्शन विज्ञान दिवस (डॉ. डी.एस. कोठारी जन्म दिवस 6 जुलाई) को गीता पर ही संगोष्ठी आयोजित की जाए जिसके आयोजन के लिए पांच सदस्यों की समिति गठित की गई।

## प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ

इस माह की बैठक 6 जुलाई को होने वाली गीता ज्ञान पर आधारित संगोष्ठी के साथ समावेश करने का निर्णय लिया गया।

## केलवा प्रोजेक्ट

● श्रद्धा का जून अंक प्रकाशित एवं वितरित हुआ।

## अन्य कार्यक्रम

● 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस उदयपुर की स्वैच्छिक संस्थाओं के साथ विज्ञान समिति परिसर में मनाया गया। इसके प्रमुख वक्ता **डॉ. आर.के. गर्ग** एवं **डॉ. महेश शर्मा** थे।

● परिसर में 15 जून को सजीव सेवा समिति द्वारा विज्ञान समिति के सहयोग से विज्ञान समिति के प्रांगण में महाराणा प्रताप सम्मान समारोह आयोजित किया । जिसके मुख्य अतिथि **श्री मनोहरसिंह जी कृष्णावत** व अध्यक्षता **श्री सुमतिलाल जी बोहरा** सेवानिवृत आईएएस थे। इस वर्ष का सम्मान भूगर्भ शास्त्री **श्री लक्ष्मीलाल भण्डारी** को दिया गया।

● हमारे संयुक्त सचिव **श्री शांतिलाल भंडारी** के सुपुत्र **श्री सरजू भंडारी** एवं अलख नयन मंदिर के **डॉ. लक्ष्मणसिंह झाला** एवं तीन अन्य साथी पिछले माह एवरेस्ट पर्वत पर पर्वतारोहण करने काठमाण्डू नेपाल गए एवं 29 मई से पर्वतारोहण प्रारम्भ कर 7 जून को एवरेस्ट पर्वत के प्रथम बेस केम्प के पास काला पार्वत जो 5500 मीटर उंचाई पर स्थित है तक पर्वतारोहण किया। ये रोजाना 6–7 घंटे चढ़ाई करते थे। हार्दिक बधाई।

## सदस्यों सम्बन्धी

● हमारे उपाध्यक्ष और विज्ञान महाविद्यालय के पूर्व अधिष्ठाता **प्रो. महीप भटनागर एवं डॉ. रेखा भटनागर** ने अपना नया निवास 'हीतावाला टावर' में नं. 7/7 क्रय किया है और अपनी सूझ–बूझ से फ्लेट को बहुत सुंदर रूप दिया है। समिति के कई सदस्य प्रवेश के अवसर पर सम्मिलित हुए। हार्दिक बधाई।

● हमारी संरक्षक सदस्या **श्रीमती चन्द्रा जी भंडारी** के जीवन के आठ दशक आठ जुलाई को हो रहे हैं किन्तु कई परिवारजन और सम्बन्धी उपलब्ध होने से इस कार्यक्रम को 10 जून को समारोह मधु नर्सरी में आयोजित किया गया। जितमें लगभग 60 लोग सम्मिलित हुए। कार्यक्रम पूर्ण उत्साह के साथ हर्षोल्लास के वातावरण में सम्पन्न हुआ। **डॉ. के.एल. कोठारी** ने इस अवसर पर उनके जीवन पर स्वरचित कविता भी सुनाई।

● हमारे वरिष्ठ सदस्य एवं दर्शन विज्ञान प्रकोष्ठ के संयोजक **प्रो. एन. एल. कच्छारा एवं श्रीमती सुशीला जी** के विवाह के 6 दशक की पूर्णता पर विज्ञान समिति में बधाई समारोह आयोजित किया गया।

● **डॉ. कच्छारा** की पुत्री **सुश्री मृणाल कच्छारा** जो आईआईएम बेंगलूर की विद्यार्थी है ने अमेरिका की वालमार्ट कम्पनी की एक प्रतियोगिता में भाग लिया जिसमें तीन हजार प्रतिस्पर्धियों में प्रथम तीन को चुना गया जिसमें मृणाल भी एक थी और उसे 1 लाख का पुरस्कार दिया गया। पूर्व में कानपुर के एक निजि प्रतिष्ठित स्कूल में लगातार 12 वर्ष तक स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर उसे हर वर्ष राज्यपाल पुरस्कार दिया गया। मृणाल और कच्छारा परिवार को हार्दिक बधाई।

## आर्थिक सहयोग

**सामान्य सहयोग–** डॉ एल के कोठारी जयपुर – **₹ 21000/–**, प्रो. एन.एल. कच्छारा– **₹ 11,000/–**, श्री सुजान सिंह जी– **₹ 5,000/–**, **डॉ एन एल गुप्ता ₹ 2,000/–**, श्रीमती कंचन गुप्ता – **₹ 1,000/–**, श्रीमती खुशबू जैन– ₹ 2100/–

**छात्रवृति हेतु –** श्री जलज बक्षी **₹ 15000/–**

**सदस्य वार्षिक सहयोग–** श्री जगत पोखरना – **₹ 2000/–**, श्री संजय कोठारी– **₹ 1000/–**

**निर्माण कार्य –** श्री राजेंद्र बया – **₹ 2,00,000/–**

## जन्मदिन की बधाइयाँ




डॉ. एन.एल. गुप्ता का जन्म दिन 2 जून को मनाया।



श्री आर. के. खोखावत का जन्म दिन 4 जून को मनाया।



सुश्री प्रतिची भटनागर का जन्म दिन 7 जून को मनाया।

हमारे मानद संरक्षक सदस्य डॉ. एन.एल. गुप्ता के नौ दशक की पूर्णता पर विज्ञान समिति में बधाई कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें श्रीमती कंचन गुप्ता एवं उनके ज्येष्ठ पुत्र डॉ. राकेश गुप्ता और उनकी पत्नी डॉ. शुभा गुप्ता भी उपस्थित थे। सदस्यों की बड़ी उपस्थिति थी। कार्यक्रम के पश्चात स्नेह भोज का भी आयोजन किया गया।

**July**

| | |
|---|---|
| Dr. Lalit Kumar Kothari | 01/07 |
| Sh.R.K. Bhargav | 01/07 |
| Dr. Sohanraj Tated | 05/07 |
| Sh.Pawan Kothari | 05/07 |
| Dr.Surendra Changani | 06/07 |
| Dr.S.L. Bapna | 08/07 |
| Smt. Chandrakanta Bhandari | 08/07 |
| Dr. L.L. Dhakar | 14/07 |
| Sh. Lokesh Joshi | 16/07 |
| Smt. Manjula Sharma | 20/07 |
| Sh.D.C. Kothari | 24/07 |
| Dr. K.B.Sharma | 28/07 |

HAPPY




BIRTHDAY

**August**

| | |
|---|---|
| Mrs. Shakuntala Dhakar | 04/08 |
| Sh.Munish Goyal | 04/08 |
| Sh. Ganpat Lal Porwal | 08/08 |
| Sh.Raj Lodha | 14/08 |
| Sh.R.K.Bolia | 23/08 |
| Sh.Parag Kothari | 28/08 |
| Sh.Rakesh Samar | 31/ 08 |

## श्रद्धांजलि



हमारे वरिष्ठ सदस्य एवं 6 वर्ष तक रहे कोषाध्यक्ष **डॉ. एस.एन. जोशी** पूर्व विभागाध्यक्ष रसायन शास्त्र विभाग, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय का आकस्मिक देहान्त 28 जून को हो गया। 29 जून को दोपहर बाद दाह संस्कार हुआ तथा 30 जुलाई को तीये की बैठक हुई। दोनों कार्यक्रमों में समिति के कई सदस्य सम्मिलित हुए। 15 जुलाई प्रातः 10.30 बजे स्मृति सभा आयोजित की जाएगी।

## विज्ञान समिति के जुलाई माह के कार्यक्रम

- **मासिक प्रकाशन :** लोकविज्ञान, लहर तथा मासिक रिपोर्ट का नियमित प्रकाशन
- **नियमित स्वास्थ्य सेवाएं**

❑ एक्यूप्रेशर चिकित्सा : प्रत्येक गुरुवार व शनिवार को सायंकाल 5 से 6.30 समिति परिसर में

❑ श्री बिजय कुमार सुराणा निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर : समिति परिसर में तीसरे रविवार 15 जुलाई 2018 प्रातः 09.30 से 11.30 बजे तक।

| नियमित मासिक गतिविधियां | दिनांक समय |
|---|---|
| ✷ कृषि वि.वि. साझा कार्यक्रम के अंतर्गत देवाली ग्राम | जुलाई माह में मुख्य रूप से फल पौधे लगवाए जाएंगे, जिसके लिए विश्वविद्यालय को लिख दिया गया है। विद्यालय में भी पौधे लगाए जाएंगे तथा छात्रों को स्टेशनरी दी जाएगी। |
| ✷ नवाचार महिला प्रकोष्ठ –प्राणिक हीलिंग पर विशेष वार्ता | मंगलवार 10 जुलाई प्रातः 11.00 बजे से |
| दो दिवसीय भ्रमण यात्रा | 31 जुलाई – 1 अगस्त |
| ✷ दर्शन विज्ञान प्रकोष्ठ– विशेष कार्यक्रम के साथ | मंगलवार 10 जुलाई प्रातः 11.00 बजे से |
| ✷ वरिष्ठ महिला प्रकोष्ठ – दो दिवसीय भ्रमण यात्रा | 18–19 जुलाई प्रात. 6.30 बजे प्रस्थान |
| ✷ प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ | शनिवार 28 जुलाई प्रातः 11.00 बजे से |
| ✷ ग्रामीण महिला चेतना शिविर | सोमवार 30 जुलाई प्रातः 11.00 बजे से |
| **विशेष कार्यक्रम** | |
| ✷ अध्यात्म–विज्ञान दिवस(डॉ. डी.एस. कोठारी का जन्मदिन) भगवत गीता पर संगोष्ठी एवं भोजन | शुक्रवार 06 जुलाई प्रातः 10.00 बजे से 2 बजे |
| ✷ विज्ञान चेतना अभियान–सौजन्य : डॉ वाय एस कोठारी ट्रस्ट | 25, 30, 31 जुलाई |
| ✷ सिलाई प्रशिक्षण(नांदवेल) –सौजन्य महावीर इंटरनेशनल | 09 जुलाई से |

**बुक-पोस्ट**

प्रेषक : विज्ञान समिति, रोड़ नं. 17, अशोक नगर, उदयपुर

सेवा में

### अपील

- कार्यकारिणी के निर्णयानुसार प्रत्येक सदस्य को एक हजार रु. प्रतिवर्ष समिति की गतिविधियों के लिए देना है। इस निर्णय का चौथा वर्ष पूर्ण हो रहा है। कृपया सहयोग प्रदान करावें।
- निर्माण, स्थायी कोष ( कोरपस फंड ), महिला समृद्धि कोष, छात्रवृत्ति कोष एवं अभावग्रस्त सहयोग फंड के लिए भी आर्थिक सहयोग अपेक्षित है।

**सौजन्य :- श्रीमान् मदनसिंह जी-श्रीमती लीला जी सुराना, 8-सी, मधुबन, उदयपुर (वर्तमान में हांगकांग)**